अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2025
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** वास्कोडिगामा भारत कब आया था? **(1)**

(A) 1551 ई. में (B) 1498 ई. में

(C) 1400 ई. में (D) 1700 ई. में

**2.** लॉर्ड हेस्टिंग्स भारत का गवर्नर जनरल कब बना? **(1)**

(A) 1813 ई. में (B) 1836 ई. में

(C) 1784 ई. में (D) 1800 ई. में

**3.** पिट्स इण्डिया एक्ट कब पारित हुआ? **(1)**

(A) 1773 (B) 1784

(C) 1763 (D) 1813

**4.** शिवाजी की मंत्रिपरिषद में कितने सदस्य थे? **(1)**

(A) 6 (B) 8

(C) 10 (D) 12

**5.** वेल्ड घास के मैदान मिलते हैं— **(1)**

(A) दक्षिण अफ्रीका (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) उत्तरी अमेरिका (D) अर्जेंटीना

**6.** रानीगंज कोयला खान स्थित है— **(1)**

(A) बिहार (B) पश्चिम बंगाल

(C) झारखण्ड (D) ओडिशा

**7.** राज्य के नीति निदेशक तत्व लिये गये हैं— **(1)**

(A) अमेरिका से (B) ब्रिटेन से

(C) आयरलैण्ड से (D) जापान से

**8.** संसद का उच्च सदन है— **(1)**

(A) लोकसभा (B) राज्यसभा

(C) लोकसभा एवं राज्यसभा (D) इनमें से कोई नहीं

**9.** उत्तरी गोलार्ध का न्यूनतम तापमान किस स्थान पर अंकित किया जाता है? **(1)**

(A) वेर्खोयांस्क (B) वोस्टोक

(C) टुम्बकटू (D) होनोलूलू

**10.** त्सेत्से (Tsetse) मक्खी, जिसके दंश से मानव की मृत्यु तक हो जाती है, किस जलवायु प्रदेश में मुख्यतः पायी जाती है? **(1)**

(A) भूमध्य रेखीय प्रदेश (B) भूमध्य सागरीय प्रदेश

(C) उष्ण मानसूनी प्रदेश (D) शीतोष्ण मानसूनी प्रदेश

**11.** जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है— **(1)**

(A) अफ्रीका (B) एशिया

(C) उत्तरी अमेरिका (D) दक्षिण अमेरिका

**12.** किस संसाधन को 'ब्लैक डायमण्ड' भी कहते हैं? **(1)**

(A) खनिज तेल (B) जल शक्ति

(C) लौह अयस्क (D) कोयला

**13.** एक रुपये के नोट पर किसका हस्ताक्षर होता है? **(1)**

(A) रिजर्व बैंक के गवर्नर (B) संघ सरकार के वित्त मंत्री

(C) संघ सरकार के वित्त सचिव (D) राष्ट्रपति

**14.** जनहित याचिका को अदालत में दायर कर सकता है— **(1)**

(A) वादी (B) प्रतिवादी

(C) कोई भी नागरिक (D) उक्त सभी

**15.** निम्न में किस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की तट रेखा सर्वाधिक लम्बी है? **(1)**

(A) गुजरात (B) अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह

(C) आन्ध्र प्रदेश (D) लक्षद्वीप

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिवाजी की राजधानी कहाँ थी? **(1)**

**17.** संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान पं. जगन्नाथ किस मुगल शासक के राजकवि थे? **(1)**

**18.** भारत में आने वाली यूरोपीय शक्तियों का क्रम लिखिए। **(1)**

**19.** एस्किमो जनजातियों की बिना पहिये की गाड़ी किस नाम से जानी जाती है? **(1)**

**20.** विश्व की कौन-सी जलवायु केवल उत्तरी गोलार्ध में पायी जाती है? **(1)**

**21.** राज्यसभा का सभापति कौन होता है? **(1)**

**22.** समवर्ती सूची में आने वाले दो विषयों के नाम बताइए। **(1)**

**23.** उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है? **(1)**

**24.** उत्तर प्रदेश सरकार की आय के दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**25.** पुरन्दर संधि की दो शर्तें लिखिए। **(1)**

**26.** रैयतवाड़ी प्रथा से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**27.** चिपको आन्दोलन किससे सम्बन्धित है? **(1)**

**28.** कुटीर उद्योग किसे कहते हैं? **(1)**

**29.** जैवमण्डल किसे कहते हैं? **(1)**

**30.** चौसा का युद्ध किनके मध्य हुआ था? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मराठों के पतन के कारण बताइए। **(2)**

**32.** बक्सर के युद्ध के महत्त्व को बताइए। **(2)**

**33.** रेग्युलेटिंग एक्ट क्या था? **(2)**

**34.** भारत की सीमाओं पर स्थित पड़ोसी देशों के नाम लिखिए। **(2)**

**35.** जनपद स्तरीय न्यायालय के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**36.** अप्रत्यक्ष कर के दो गुण तथा प्रत्यक्ष कर के दो दोष लिखते हुए इनमें अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** भारत में कागज उद्योग के विकास में बाधक भौगोलिक तत्वों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**38.** मंत्रिमण्डल और मंत्रिपरिषद में अन्तर स्थापित कीजिए। **(2)**

**39.** भारत की न्यायपालिका इकहरी एवं सीढ़ीनुमा है, कथन को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** अकबर के कार्यों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/samajik-adhyayan/2025

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN